प्रेषक, **विशेष ध्यानाकर्षण/महत्वपूर्ण/ई-मेल**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त केन्द्र अधीक्षक,
सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा,
बैक पेपर परीक्षा, मई-2026,
हेतु निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्र।

पत्रांकः प्राशिप/अनु03/2026/ 579 **लखनऊः दिनांकः** 29 **/04/2026**

विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा, मई-2026 हेतु लिखित परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा, मई-2026 **दिनांक 04/05/2026** से परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न करायी जानी है।

उक्त के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा, मई-2026 की लिखित विषयों की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों की परीक्षाएं **नवीन बारकोड युक्त ओ.एम.आर. उत्तरपुस्तिकाओं पर कराना सुनिश्चित करें।** यदि राजकीय/अनुदानित संस्थाओं में "अ" उत्तरपुस्तिकायें अवशेष है तो इन उत्तरपुस्तिकाओं पर प्रयोगात्मक परीक्षा कराने का कष्ट करें, ताकि पुरानी "अ" उत्तरपुस्तिकाओं को प्रयुक्त करके सरकारी धन को बचाया जा सके।

सूच्य है कि प्रत्येक पुरानी "अ" उत्तरपुस्तिका के तीन अलग-अलग पार्ट स्टेपल करके प्रत्येक छात्र हेतु प्रयोगात्मक परीक्षा में उपयोग किये जाये। उक्त निर्देशों का पूर्ण रूप से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0-प्राशिप/अनु03/2026/ 580-85 **तद्दिनांक-** 29 **/04/2026**

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को प्रमुख सचिव/अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिम क्षेत्र।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
6. प्रभारी, अनुभाग-1, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।